भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1268
28.06.2019 को उत्तर के लिए

**प्लांट इंडिया इनिशिएटिव**

**1268. श्री विनायक भाऊराव राऊत :**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :**
**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे :**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :**
**कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का लोगों द्वारा चलाए गए प्लांट इंडिया इंनिशिएटिव को स्वच्छ भारत अभियान की तरह एक राष्ट्रीय अभियान बनाने का विचार है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्य सरकारों ने उक्त योजना में भाग लेने के लिए सहमति प्रदान कर दी है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसमें राज्य सरकारों की कितनी हिस्सेदारी है;

(ग) क्या कई विकासात्मक परियोजनाएं पर्यावरण मंजूरी के अभाव में लंबित हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) केन्द्र सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि पर्यावरण की सुरक्षा हो और विकासात्मक कार्य हों के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

<u>उत्तर</u>

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

(क) और (ख) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय 'प्लांट इंडिया इंनिशिएटिव' नामक कोई योजना कार्यान्वित नहीं करता है। तथापि, मंत्रालय ने वृक्षारोपण को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन आंदोलन बनाने का निर्णय लिया है जिससे स्कूल में पौधशाला, शहरी वानिकी, खाली पड़ी भूमि पर वृक्षारोपण, कृषि भूमि आदि पर बांधों को बढ़वा मिलेगा। विभिन्न वानिकी प्रबंधन व्यवस्थाओं में जनता की सहभागिता मंत्रालय की प्राथमिकता रही है। सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थानीय ग्रामीणों को शामिल करके गठित संयुक्त वन प्रबंधन समितियों की सहभागिता से मंत्रालय और राज्य/संघ शासित सरकारों तथा इस मंत्रालय द्वारा वृक्षारोपण/वनीकरण कार्यकलापों को विभिन्न विभागों, गैर-सरकारी संगठनों, सिविल सोसायटी, निगमित निकायों आदि द्वारा किया जाता है। पूर्व में, इस मंत्रालय ने विशेषकर वन महोत्सव, विश्व पर्यावरण दिवस और विश्व वानिकी दिवस आदि जैसे अवसरों पर विभिन्न वृक्षारोपण कार्यक्रमों में जनता की भागीदारी के लिए अनेक परामर्शिकाएं भी जारी की हैं। पिछले पांच वर्षों विशेषकर 2014-15 से विभिन्न राज्यों ने देश की सिविल सोसायटी, किसानों, छात्रों और जन सामान्य को शामिल करके व्यापक वृक्षारोपण अभियान भी चलाए हैं।

(ग) पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्रक्रियाधीन विकासात्मक परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(घ) पर्यावरणीय प्रबंधन योजना की समीक्षा की जाती है और विकासात्मक परियोजनाओं के कारण पड़े प्रभाव से पर्यावरण को संतुलित करने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति में पर्याप्त उपशमन उपाय निर्धारित हैं।

इसके अलावा, पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष सभी राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारें विभिन्न केन्द्र और राज्यों द्वारा वित्त-पोषित योजनाओं के अंतर्गत वृक्षारोपण करती हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों, सिविल सोसायटी, निगमित निकायों द्वारा भी वृक्षारोपण किया जाता है।

*****

अनुबंध

'प्लांट इंडिया इनिशिएटिव' के संबंध में दिनांक 28.06.2019 को उत्तर के लिए श्री विनायक भाऊराव राऊत, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे और कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1268 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पर्यावरणीय मंजूरी के लिए लंबित विकासात्मक परियोजनाओं की संख्या का राज्यवार विवरण

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | थर्मल पावर प्रोजेक्ट | *नदी घाटी और एचईपी | गैर-कोयला खनन परियोजनाएं | कोयला खनन परियोजनाएँ | उद्योग -1 परियोजनाएं | उद्योग -2 परियोजनाएं | **इंफ्रा - 2 सेक्टर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | | 1 | 2 | | | 5 | 1 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | | | | | | | |
| 3 | असम | | 1 | | | 1 | 5 | |
| 4 | बिहार | | | | | | | |
| 5 | छत्तीसगढ़ | | | 2 | 2 | 3 | 1 | |
| 6 | गोवा | | | | | | | 4 |
| 7 | गुजरात | | | 2 | | 2 | 42 | 10 |
| 8 | हरियाणा | | | 1 | | | 1 | 7 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | | 1 | | | | | 3 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | | 2 | | | | | 1 |
| 11 | झारखंड | | 1 | 2 | 2 | 1 | | 2 |
| 12 | कर्नाटक | 1 | 2 | | | 1 | 5 | 4 |
| 13 | केरल | | | 1 | | | | 2 |
| 14 | मध्य प्रदेश | | 3 | 1 | 4 | 1 | | |
| 15 | महाराष्ट्र | | 1 | 2 | | 3 | 18 | 5 |
| 16 | मणिपुर | | | | | | | |
| 17 | मेघालय | | 1 | | | | | |
| 18 | मिजोरम | | | | | | | |
| 19 | नगालैंड | | | | | | | |
| 20 | ओडिशा | 1 | | 8 | 2 | 5 | 4 | 2 |
| 21 | पंजाब | | | | | | 1 | 2 |
| 22 | राजस्थान | | 1 | 5 | | 2 | 6 | 2 |
| 23 | सिक्किम | | | | | | | |
| 24 | तमिलनाडु | | | 2 | | | | |
| 25 | तेलंगाना | 1 | 1 | | | 3 | 6 | 12 |
| 26 | त्रिपुरा | 1 | | | | | | |
| 27 | उत्तराखंड | | 3 | | | | | 1 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | | | | 1 | 1 | 8 | 6 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | | | 1 | 1 | 2 | 4 | |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | | | | | | | 1 |
| 31 | चंडीगढ़ | | | | | | | |
| 32 | दादरा और नगर हवेली | | | | | | 1 | |
| 33 | दमन और दीव | | | | | | | |
| 34 | दिल्ली | | | | | | 1 | 31 |
| 35 | लक्षद्वीप | | | | | | | |
| 36 | पुडुचेरी | | | | | | 1 | 1 |
| | **योग** | **4** | **18** | **29** | **12** | **25** | **109** | **97** |

** केंद्रीय स्तर पर परियोजनाएँ जिसमें वन भूमि शामिल है*

*** पर्यावरण, पर्यावरण और सीआरजेड मंजूरी*

*****